**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**गेल भवन, 16, भिकाजी कामा प्लेस,**
**नई दिल्ली - 110 066. दूरभाष: 011-26172580**
**ईमेल: career@gail.co.in**
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L40200DL1984GOI018976**

## कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप में कैरियर के अवसर

**गेल (इंडिया) लिमिटेड**, सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है । गेल तेज़ी से बदलते व्यापारिक परिवेश में स्वच्छ ईंधन द्वारा औद्योगीकरण के नए युग का प्रवर्तक और एक स्वच्छ ऊर्जा कॉरिडोर चतुर्भुज का सृजक है जो भारत के बड़े उपभोक्ता केंद्रों को प्रमुख गैस क्षेत्रों, एलएनजी टर्मिनलों तथा सीमापारीय अन्य गैस स्रोतों से जोड़ता है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी अजेय उपस्थिति के लिए विदेशों में अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है ।

**गेल को गेट-2022 अंकों के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध, जीवंत और उत्साही युवा स्नातक इंजीनियरों की आवश्यकता है:**

**तालिका-I**

| # | पद(दों) | निम्नलिखित श्रेणियों में पीडब्ल्यूबीडी में भरे जाने के लिए पहचाने गए उपयुक्त पद |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) | श्रेणी **बी**: डी, एचएच<br>श्रेणी **सी**: ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी<br>श्रेणी **डी**: एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई श्रेणी **ई**: एमडी में शामिल उपर्युक्त **(बी)** से **(डी)** |
| 2 | कार्यपालक प्रशिक्षु (मैकेनिकल) | श्रेणी **बी**: डी, एचएच<br>श्रेणी **सी**: ओए, ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>श्रेणी **डी**: एसएलडी, एमआई<br>श्रेणी **ई**: एमडी में शामिल उपर्युक्त **(बी)** से **(डी)** |
| 3 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) | श्रेणी **बी**: डी, एचएच<br>श्रेणी **सी**: ओएल, डीडब्ल्यू, एएवी<br>श्रेणी **डी**: एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>श्रेणी **ई**: एमडी में शामिल उपर्युक्त **(बी)** से **(डी)** |

प्रत्येक डिसिप्लिन में रिक्तियों की श्रेणीवार संख्या को बाद की तारीख में अधिसूचित किया जाएगा।

**प्रयुक्त संक्षिप्तियां**

**पीडब्ल्यूडी:** बैंचमार्क अशक्तता वाले व्यक्ति (दिव्यांगजन)
**डी :** बधिर
**एचएच:** श्रवण बाधित
**ओए:** एक हाथ
**ओएल:** एक पैर
**सीपी:** मस्तिष्क पक्षाघात
**एलसी:** कुष्ठ रोग से उपचारित
**डीडब्ल्यू:** ड्वार्फिज्म
**एएवी:** एसिड अटैक पीड़ित
**एएसडी:** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम = माइल्ड, एमओडी = मॉडरेट)
**एसएलडी:** विशिष्ट अधिगम की दिव्यांगता
**एमआई:** मानसिक बीमारी
**एमडी:** एकाधिक दिव्यांगता

1. **कार्यपालक प्रशिक्षुओं के पद के लिए अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नीचे तालिका-II में दर्शाई गई है-**

**तालिका II**

| # | पद / डिसिप्लिन | अपेक्षित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन एवं नियंत्रण / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन / इलेक्ट्रिकल एवं इंस्ट्रुमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री। |
| 2 | कार्यपालक प्रशिक्षु (मैकेनिकल) | न्यूनतम 65 प्रतिशत अंकों के साथ मैकेनिकल / प्रोडक्शन / प्रोडक्शन और इंडस्ट्रियल / मैन्यूफेक्चरिंग / मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल में इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी में स्नातक डिग्री । |
| 3 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) | न्यूनतम 65% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल एंव इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री । |

2. <u>शैक्षिक योग्यता में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत में छूट:</u>

अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के संबंध में अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट निम्नानुसार प्रदान की जाएगी -

- जहाँ-कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **65%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम अंकों की छूट 60% है।**

अनारक्षित पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी** श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में उन्हें कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी।

3. <u>अनिवार्य अर्हता के संबंध में निबंधन एवं शर्तें</u> ***[तालिका-II में संबंधित कॉलम के तहत उल्लिखित अनुसार]***

3.1 प्रत्येक पद के लिए अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता प्रत्येक पद के सामने **तालिका-II** में दर्शाए गए अनुसार होगी।

3.2 **केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रमों पर ही विचार किया जाएगा।**

3.3 सभी योग्यताएं यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम स्वायत्त भारतीय संस्थानों / संबंधित सांविधिक परिषद (जहां भी लागू हों) से होनी चाहिए।

3.4 अनिवार्य अर्हता में अंकों के न्यूनतम प्रतिशत पर विचार किया जाएगा, जैसा कि संस्थान / विश्वविद्यालय के नियमों / मानदंडों के अनुसार विनिर्दिष्ट किया गया है।

3.5 जहां-कहीं भी सीजीपीए / ओजीपीए / सीपीआई या किसी डिग्री में लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहां विश्वविद्यालय / संस्थानों द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार आवेदन में अंकों के समकक्ष प्रतिशत को दर्शाया जाना चाहिए। उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान से इस आशय का एक प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है जो समूह चर्चा और / या साक्षात्कार के समय आवश्यक होगा।

3.6 इंजीनियरिंग डिग्री बी.ई. / बी.टेक / बी.एससी. इंजी. हो सकती है।

3.7 जिन उम्मीदवारों के पास संगत डिसिप्लिन में इंजीनियरिंग में 05 वर्षीय बी.ई./ बी.टैक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री है, की उम्मीदवारी पर भी विचार किया जाएगा।

3.8 जिन उम्मीदवारों ने वर्ष **2021** में इंजीनियरिंग में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है (05 वर्षीय बीई / बी.टेक + एमई / एम.टेक इंजीनियरिंग में एकीकृत दोहरी डिग्री सहित)/ उम्मीदवार जो वर्तमान में अपनी इंजीनियरिंग डिग्री के अंतिम वर्ष **(2021-22)** में हैं (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 05 वर्षीय बीई / बी.टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) **केवल** मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन के विषय में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने **के लिए पात्र हैं।**

3.9 जिन अभ्यर्थियों ने वर्ष **2021** में इंजीनियरिंग डिसिप्लिन (इंजीनियरिंग में 05 वर्ष बीई / बी.टेक+ एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) में स्नातक डिग्री पूरी कर ली है और सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी होने के नाते न्यूनतम 65% अंक तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी श्रेणी के उम्मीदवार होने के नाते न्यूनतम 60% अंक प्राप्त किए हों।

3.10 उम्मीदवार जो वर्तमान में इंजीनियरिंग डिसिप्लिन में अपनी स्नातक डिग्री के अंतिम वर्ष **(2021-22)** में हैं (05 वर्षीय बीई / बी.टेक / एमई / एम.टेक इंजीनियरिंग में दोहरी डिग्री सहित) और सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित हैं, को श्रेणी में आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा में न्यूनतम 65% अंक प्राप्त किए हों और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के उम्मीदवारों ने आवेदन करते समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा में कुल 60% अंक प्राप्त किए हों।

3.11 उन अभ्यर्थियों का चयन जो वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष **(2021-22)** में हैं (इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में 05 वर्षीय बीई / बी.टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) को इंजीनियरिंग डिग्री में सामान्य / ईडब्ल्यूएस / ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम **65%** अंक प्राप्त किए हों और अ.जा/अ.ज.जा. / पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम **60%** अंक प्राप्त करने चाहिए और इंजीनियरिंग डिग्री प्रमाण-पत्र (कम से कम अनंतिम प्रमाण-पत्र) और सभी सेमेस्टर / वर्षों की अंक-तालिका को संबंधित डिसिप्लिन / शाखा में न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत अंकों सहित अर्हता इंजीनियरिंग डिग्री की परीक्षा उत्तीर्ण करने के दस्तावेजी प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

3.12 जिन उम्मीदवारों ने वर्ष **2020** में **या इससे पहले** संगत डिसिप्लिन / शाखा में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और

इंस्ट्रूमेंटेशन डिसिप्लिन में कार्यकारी प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के **पात्र नहीं हैं।**

4. **आयु सीमा और आयु में छूट:**

4.1 सभी डिसिप्लिन में कार्यपालक प्रशिक्षु के पदों के लिए **16.03.2022 को** ऊपरी आयु सीमा **26 वर्ष** है।

4.2 अ.जा./ अ.ज.जा. वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष की छूट है। पीडब्ल्यूबीडी-सामान्य/ईडब्ल्यू श्रेणी के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी-ओबीसी (एनसीएल) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष तक छूट दी गई है। ऊपरी आयु सीमा में उपर्युक्त छूट केवल उन पदों के संबंध में लागू होती है जो अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) अनारक्षित (यूआर) पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अर्हता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी। ऊपरी आयु सीमा में छूट इस तथ्य के बावजूद पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू होगी कि क्या पद आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद को पीडब्ल्यूबीडी के लिए उपयुक्त माना गया हो।

4.3 1.1.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर राज्य में अधिवासित उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट भी दी गई है।

4.4 संघ के सशस्त्र बलों में कम से कम छह माह तक की सेवा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, उन्हें ऐसी सेवा की अवधि (सशस्त्र बलों में प्रदान की गई वास्तविक सेवा) को उनकी वास्तविक आयु से कम करने की अनुमति दी जाएगी, और यदि शेष आयु पदों/ सेवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से अधिक नहीं है, जिसके लिए उम्मीदवार 3 वर्ष से अधिक की नियुक्ति चाहते हैं, तो उन्हें आयु सीमा के संबंध में शर्तों को पूरा करता हुआ माना जाएगा।

4.5 **आवेदक की अधिकतम ऊपरी आयु सभी संभावित आयु छूट सहित 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

5. **परिलब्धियां:**

5.1 चयनित उम्मीदवारों को ग्रेड के लिए लागू वेतन और भत्ते का प्रस्ताव दिया जाएगा।

5.2 **वेतन और भत्ते:** ग्रेड में लागू मूल वेतन, लागू दरों पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) और कैफेटेरिया दृष्टिकोण के अधीन पर्क्स और भत्ते।

5.3 **परिवर्तनीय वेतन:** व्यक्तिगत और संगठनात्मक प्रदर्शन **के आधार पर** निष्पादन संबंधित वेतन।

5.4 ***अन्य लाभ:*** कंपनी आवास / लीज आवास / एचआरए, चिकित्सा सुविधा, समूह बीमा, आदि।

5.5 **अधिवर्षिता लाभ:** अंशदायी भविष्य निधि, उपदान और पेंशन के अलावा, जो कार्मिक 15 वर्ष की सेवा देने के बाद गेल से अधिवर्षिता प्राप्त करते हैं, वे भी सेवा-निवृत्ति पश्चात् चिकित्सा लाभ के पात्र होंगे।

उपरोक्त सभी लाभ कंपनी की वर्तमान और समय-समय पर संशोधित नीति के अनुसार अधिशासित होंगे।

6. <u>तैनाती/ कार्य</u>

प्रशिक्षण-सह-परिवीक्षा अवधि के दौरान और/ या आमेलन के बाद, उम्मीदवारों को गेल (इंडिया) लिमिटेड या गेल (इंडिया) लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम के किसी भी प्रतिष्ठान/ परियोजनाओं/ कार्यालयों, आदि या भारत सरकार/ अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, आदि के किसी भी विभाग में तैनात किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार विनिर्दिष्ट जॉब/ कार्य सौंपे जा सकते हैं।

7. <u>स्वास्थ्य/ चिकित्सा योग्यता</u>

उपरोक्त पदों के लिए नियुक्ति कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार उम्मीदवार के चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने के अधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल (न्यूनतम जिला अस्पताल स्तर वाले) या गेल नामित पैनलबद्ध अस्पतालों में अपना रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा करवानी होगी, और उसे चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् अध्यक्ष चिकित्सा बोर्ड या सिविल सर्जन या मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी केंद्रीय / राज्य सरकार के अस्पताल के बराबर (न्यूनतम जिला अस्पताल के स्तर पर) या गेल द्वारा नामित अस्पताल द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों में मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र जारी करने और नामित मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा उसे आगे स्वीकार किए जाने के अधीन होगी। गेल को बिना कोई कारण बताए उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत मेडिकल परीक्षा रिपोर्ट की पुन: जांच या समीक्षा करने का अधिकार होगा और नामित मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गेल (इंडिया) लिमिटेड का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी

होगा। **चिकित्सा योग्यता और रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा के लिए चिकित्सा मानकों/ मानदंडों पर विस्तृत दिशानिर्देश गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के "करियर" खंड पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने से पहले इन्हें पढ़ने की सलाह दी जाती है।**

**8.** <u>चयन प्रक्रिया और आवेदन कैसे करें</u>

8.1 गेल, वर्ष 2022 के दौरान मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन के विषयों में कार्यकारी प्रशिक्षुओं की भर्ती के लिए **ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग - 2022** मार्क्स **(गेट-2022** मार्क्स**)** का उपयोग करेगा।

8.2 योग्य उम्मीदवार जो गेल में कार्यकारी प्रशिक्षुओं की स्थिति के लिए आवेदन करना चाहते हैं, को पहले **गेट-2022** के लिए पंजीकरण कराना होगा और उसके बाद, **गेट-2022** में अनुदेशों और समय-सीमा के अनुसार **गेट-2022** आर्गेनाइजेशन इंस्टीट्यूट द्वारा अधिसूचित समय-सीमा में से किसी एक में संगत गेट परीक्षा पेपर में बैठना होगा:

| **क्र.सं.** | **पद / डिसिप्लिन** | **गेट पेपर** | **कोड** |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन |
| 2 | कार्यपालक प्रशिक्षु (मैकेनिकल) | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एमई |
| 3 | कार्यपालक प्रशिक्षु (इलेक्ट्रिकल) | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | ईई |

ऊपर विज्ञापित प्रत्येक **03** विषयों में से प्रत्येक के समकक्ष माने जाने वाले विषयों/ शाखाओं की सूची नीचे दी गई है:

| **गेल के डिसिप्लिन** | **गेल डिसिप्लिन के समकक्ष समझे जाने वाले इंजीनियरिंग के डिसिप्लिन /शाखाएं** | **डिसिप्लिन , जिसमें उम्मीदवार द्वारा संबंधित गेट-2022 पेपर में बैठा जाएगा** | **संबंधित गेट-2022 पेपर कोड** |
|---|---|---|---|
| इंस्ट्रूमेंटेशन | 1. इंस्ट्रुमेंटेशन<br>2. इंस्ट्रुमेंटेशन और नियंत्रण<br>3. इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन<br>4. इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन<br>5. इलेक्ट्रॉनिक्स<br>6. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स | इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग | आईएन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मैकेनिकल | 1. मैकेनिकल<br>2. प्रोड्कशन<br>3. प्रोड्कशन और इंडस्ट्रियल<br>4. मैन्यूफेक्चरिंग<br>5. मैकेनिकल और ऑटोमोबाइल | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एमई |
| इलेक्ट्रिकल | 1. इलेक्ट्रिकल<br>2. इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | ईई |

**यह नोट किया जाए कि उपरोक्त के अलावा किसी शाखा / डिसिप्लिन में इंजीनियरिंग डिग्री रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।**

8.3 **गेट-2022** मार्क्स और आवश्यकता के आधार पर, उम्मीदवारों को उपर्युक्त डिसिप्लिन्स में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए समूह चर्चा और / या व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। **कृपया ध्यान दें कि इस भर्ती प्रक्रिया के लिए केवल गेट-2022 मार्क्स मान्य है। 2021 का गेट मार्क्स या उससे पहले के मार्क्स मान्य नहीं है।**

8.4 जिन उम्मीदवारों ने **गेट-2022** में पंजीकरण किया है, उन्हें इसकी सक्रियता के लिए **गेट** की आधिकारिक **वेबसाइट** से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण संख्या के साथ **गेट-2022 प्रवेश-पत्र** की प्राप्ति / डाउनलोड करने पर, उम्मीदवारों को गेल वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड में अपने **गेट-2022** पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए अलग से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस प्रयोजन के लिए, संबंधित लिंक हमारी वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड में उपलब्ध कराया जाएगा। **यह नोट किया जाए कि वैध गेट-2022 पंजीकरण संख्या के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

8.5 कृपया सुनिश्चित करें कि **गेट-2022 पंजीकरण संख्या** जो आपके **गेट-2022 प्रवेश-पत्र** पर अंकित है, ऑनलाइन आवेदन में सही ढंग से दर्ज की गई हो। आपके **गेट-2022 प्रवेश-पत्र** में उल्लिखित नाम को ही नाम के रूप में भरा जाना चाहिए। **एक बार आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दर्ज किए गए किसी भी डेटा/ विवरण में परिवर्तन करने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

8.6 **उम्मीदवारों को केवल गेल वेबसाइट** www.gailonline.com **के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता होगी**, जिसमें उन्हें अपनी **गेट-2022** पंजीकरण संख्या दर्शानी होगी। आवेदन को किसी अन्य साधन/ मोड

पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित लिंक **15.02.2022 को 1100 बजे से 16.03.2022 को 1800 बजे तक** उपलब्ध कराया जाएगा।

8.7 एक उम्मीदवार केवल **एक पद / डिसिप्लिन** के लिए ही आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद/ विषय के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.8 उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, सिस्टम द्वारा एक अद्वितीय पंजीकरण संख्या सृजित की जाएगी और सिस्टम में एक संदेश प्रदर्शित किया जाएगा कि ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो गया है और उम्मीदवार को यह सूचित करते हुए एक ईमेल स्वतः सृजित होगी कि उसका आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो गया है जिसमें एक अद्वितीय पंजीकरण संख्या का उल्लेख किया जाएगा।

8.9 ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को अद्वितीय पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा उत्पन्न आवेदन प्रपत्र का प्रिंटआउट लेना आवश्यक है। उम्मीदवार को आवेदन में प्रदान की गई जगह में अपना हाल का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाना होगा और प्रदान किए गए निर्देशों के अनुसार अपना हस्ताक्षर करना होगा और इसे सुरक्षित रूप से अपने पास रखना होगा। ग्रुप डिस्कशन और/ या साक्षात्कार के लिए आमंत्रित उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन और/ या साक्षात्कार के समय उसी आवेदन प्रपत्र को प्रस्तुत करना होगा। **उम्मीदवार इस प्रिंटआउट को गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी कार्यालय में नहीं भेजेंगे।**

8.10 उम्मीदवार द्वारा चिपकाया गया पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ वही होना चाहिए जो गेट-2022 आवेदन प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किया गया था। यदि उम्मीदवार को ग्रुप डिस्कशन और / या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उसे अपना मूल **गेट-2022 प्रवेश-पत्र, गेट-2022 आधिकारिक स्कोर कार्ड,** ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंटआउट दिखाना होगा, जैसा कि ऊपर बताया गया है **(खंड संख्या 8.9)** और अन्य संगत दस्तावेज (दोनों मूल और **स्व-सत्यापित** फोटोकॉपी का एक सेट) नीचे दर्शाए अनुसार प्रस्तुत करना होगा:

(i) जन्म तिथि के समर्थन में दस्तावेज (मैट्रिक/कक्षा-10 मार्कशीट/प्रमाण-पत्र)

(ii) अर्हता के संबंध में सभी प्रमाण-पत्र/ प्रशंसा-पत्र (मैट्रिक के बाद से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टर/ वर्ष-वार मार्क शीट, डिग्री और डिप्लोमा प्रमाण-पत्र)

(iii) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी किए गए पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण-पत्र / दस्तावेज

(iv) (क) पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के केवल ऐसे उम्मीदवार आरक्षण/ रियायतों के विद्यमान लाभ पाने के पात्र होंगे **जिनका** संगत **दिव्यांगता प्रतिशत 40%** और उससे अधिक है। **पीडब्ल्यूबीडी** के लिए लागू आरक्षण/ रियायतों के लाभ का दावा करने के लिए, उम्मीदवारों को उनके दावे के समर्थन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 591(E) दिनांक 15.06.2017 के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ख) **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति** वर्ग के उम्मीदवारों को उनके दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ग) **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को डीओपीटी के दिनांक 30.05.2014 के का.ज्ञा. सं. 36036/2/2013-स्था. (आर.) में निहित अनुसार भारत सरकार/ केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के तहत पदों की नियुक्ति के लिए लागू निर्धारित प्रारूप में अपना **नवीनतम** जाति प्रमाण-पत्र विहित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में ओबीसी (एनसीएल) प्रमाण-पत्र में इंगित जाति और समुदाय का नाम शामिल होना चाहिए। यदि उम्मीदवार भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपने नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों को यह दर्शाते हुए एक स्व-वचन देना होगा कि वे चयन प्रक्रिया में भाग लेने के समय ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं, यदि उन्हें ऐसा करने के लिए कहा जाता है।

(घ) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण पाने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र, समूह चर्चा और/ या साक्षात्कार के समय जमा करना होगा। निर्धारित प्रपत्र और सक्षम प्राधिकारी को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019-स्था. (आर.) में दिया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को मान्य होना चाहिए (प्रमाण-पत्र जारी होने की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध होगा)।

(ड.) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), ईडब्ल्यूएस और पीडब्ल्यूडी प्रमाण-पत्र को गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड से डाउनलोड किया जा सकता है।

(च) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के मामले में)।

(v) यदि उम्मीदवार केंद्रीय/ राज्य सरकार विभाग, केंद्रीय/ राज्य पीएसयू या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत है तो नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी)/ अग्रेषण-पत्र।

यदि कोई भी अभ्यर्थी समूह चर्चा और/ या साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप और अन्य दस्तावेजों में संगत और लागू जाति प्रमाण-पत्र सहित उपर्युक्त को प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

8.11 **गेल में कार्यपालक प्रशिक्षुओं के उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए अलग से कोई शुल्क नहीं है।**

8.12 ऑनलाइन आवेदन में गलत/ झूठी/ अधूरी जानकारी प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को अयोग्य करार कर दिया जाएगा और ऐसी गलत/ झूठी/ अधूरी जानकारी प्रस्तुत करने से उत्पन्न किसी भी परिणाम के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा। चूँकि सभी आवेदन बिना दस्तावेजी साक्ष्यों/ सबूतों के प्रदर्शित किए जाएंगे, इसलिए उम्मीदवारों को उस पद की उपयुक्तता से खुद को संतुष्ट करना होगा जिस पद के लिए वे आवेदन कर रहे हैं।

8.13 उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को ऊपर उल्लिखित अनुसार पूरा करते हैं और ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी दृष्टि से सही हैं। ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने का अर्थ यह नहीं है कि कंपनी (गेल) उम्मीदवार की पात्रता के बारे में संतुष्ट है। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों में से किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, और/ या कि उसने कोई गलत जानकारी दी गई है या किसी भी वास्तविक तथ्य को छिपाया गया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि इन कमियों में से किसी का भी नियुक्ति के बाद पता चलता है, तो उसकी सेवाओं को तत्काल समाप्त कर दिया जाएगा।

## 9 अन्य निबंधन एवं शर्तें और सामान्य निर्देश

9.1 केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

9.2 ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक पते/ ई-मेल आईडी/ श्रेणी/ विषय में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

9.3 उम्मीदवारों के पास एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए ई-मेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज) और मोबाइल नंबर सक्रिय रखें। एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के साथ भविष्य के सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। सूचना/ संचार आदि प्राप्त करने, डाउनलोड करने और मुद्रित करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी के कारण ई-मेल भेजे गए किसी भी नुकसान के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा।

9.4 एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रेणी **(अ.जा./अ.ज.जा. ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी)** भरने के बाद उसे बदला नहीं जाएगा और बाद में अन्य श्रेणी का कोई भी लाभ स्वीकार्य नहीं होगा। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों और ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के समय भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित जाति/ जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, यदि इसकी मांग की जाती है।

9.5 ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, ओबीसी रियायत के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में दर्शाना होगा। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को आगे की चयन प्रक्रिया के समय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित प्रमाण-पत्र (**नवीनतम**) प्रस्तुत करना होगा, यदि इसकी मांग की जाती है।

9.6 केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय/ राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध-सरकारी संगठन में नियोजित उम्मीदवारों को समूह चर्चा और/ या साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण होने पर समूह चर्चा और/ या व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार समूह चर्चा और/ या साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से एनओसी प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

9.7 गेल को न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने का अधिकार होगा। प्रबंधन के पास कोई भी कारण बताए बिना सभी या किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार होगा। गेल को आगे कोई नोटिस जारी किए बिना या कोई

कारण बताए बिना, जो कोई भी हों, आवश्यकता पड़ने पर भर्ती प्रक्रिया को रद्द/ प्रतिबंधित/ बढ़ाने/ संशोधित/ फेरबदल करने का अधिकार होगा।

9.8 निर्धारित अर्हताएं और अन्य पात्रता शर्तें न्यूनतम हैं और केवल उन्हें धारित करने मात्र से किसी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने का अधिकार नहीं होगा। इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।

9.9 समूह चर्चा और/ या व्यकतिगत साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची और उपर्युक्त पदों की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची को निर्धारित समयावधि में उम्मीदवारों की जानकारी के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com पर प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवारों को नवीनतम अपडेट के लिए गेल वेबसाइट www.gailonline.com देखते रहने की सलाह दी जाती है।

9.10 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार की कोई पैरवी करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

9.11 इस विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद केवल दिल्ली न्यायालय के क्षेत्राधिकार के भीतर ही निपटाया जाएगा।

9.12 उम्मीदवार गेल वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड में उपलब्ध **"प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)"** को पढ़ सकते हैं। यदि किसी भी विशेष प्रश्न को एफएक्यू में शामिल नहीं किया गया है, तो उम्मीदवार गेल को career@gail.co.in पर लिख सकते हैं।

9.13 उपरोक्त विज्ञापन के किसी भी संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुशेष, परिशिष्ट, समय विस्तार, आदि को केवल गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड पर अपलोड किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे खुद को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

9.14 ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. महत्वपूर्ण तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| | गेट-2022 के लिए | |
| क्र.सं. | कार्यकलाप | तिथि |
| 1 | नामांकन, आवेदन भरने और आवेदन प्रस्तुत करने के लिए गेट ऑनलाइन आवेदन प्रोसेसिंग प्रणाली (जीओएपीएस) की वेबसाइट खुलने की तिथि | 30 अगस्त,2021 |
| 2 | वेबसाइट गेट-2022 के लिए वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 24 सितम्बर, 2021 |
| | गेल के लिए | |
| 1 | गेट-2022 पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए गेल वेबसाइट खुलने की तिथि | 15 फरवरी, 2022 |
| 2 | उम्मीदवारों द्वारा गेल में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16 मार्च, 2022 |

**गेट-2022 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, इच्छुक उम्मीदवार https://gate.iitkgp.ac.in या आईआईएससी, बैंगलोर और आईआईटी (बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की) की वेबसाइट पर लॉगऑन कर सकते हैं।**

**उपर्युक्त विज्ञापन में किसी भी संशोधन, स्पष्टीकरण, अनुशेष, परिशिष्ट, समय विस्तार, आदि को केवल गेल वेबसाइट के "करियर" अनुभाग पर होस्ट किया जाएगा और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से गेल वेबसाइट https://gailonline.com पर जाने की सलाह दी जाती है।**

**इस विज्ञापन के हिन्दी रुपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/अस्पष्टता होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।**

**विज्ञापन सं.: गेल/ओपन/ईटी/4/2021**